राज एक्सप्रेस
इंदौर, सोमवार, 19 नवंबर 2007

स्टूडेंट्स में देखी मार्केटिंग स्किल्स

इंदौर। शनिवार को पायोनियर कॉलेज में ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ओपन कैंपस ड्राइव में आने वाले स्टूडेंट्स इंटरव्यू के दौरान अपनी बारी का इंतजार करते नजर आ रहे थे। जिन स्टूडेंट्स के इंटरव्यू हो चुके थे, उनमें से कुछ इस बात को लेकर निराश थे कि उनका इंटरव्यू ठीक नहीं रहा और कुछ इस बात को लेकर खुश थे कि इंटरव्यू तो अच्छा रहा, हो सकता है सिलेक्शन हो जाए। इस ड्राइव में आने वाले स्टूडेंट्स को कंपनी की ओर से 2-2.5 लाख का पैकेज दिया जा रहा था। इस बारे में कॉलेज के हेड ऑफ कॉरपोरेट अफेअर्स वेद अस्थाना और प्लेसमेंट को-ऑर्डिनेटर अनंत गवाल ने बताया कि इस ड्राइव में कैंडिडेट्स का सिलेक्शन करने के लिए आनंद राठी सिक्यूरिटीज आई हुई है और अपनी कंपनी में असिस्टेंट रीलेशनशिप मैनेजर की पोस्ट के लिए इंटरव्यू ले रही है। इस ओपन ड्राइव में इंदौर के 10 कॉलेजों से करीब 300 स्टूडेंट्स भाग ले रहे हैं। कंपनी की ओर से एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट राजीव भाटिया आए हुए हैं। कंपनी ने पीपीटी के बाद सीधे इंटरव्यू लिए। इंटरव्यू में कंपनी स्टूडेंट्स में मार्केटिंग फाइनेंस बैकग्राउंड और कम्युनिकेशन स्किल्स देख रही है। जिन स्टूडेंट्स का सिलेक्शन हुआ हैं, उन्हें कंपनी की ओर से ट्रेनिंग के लिए मुंबई भेजा जाएगा।

हार्ड कोर सेल्स से आई परेशानी

इंटरव्यू देकर आए स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के अरविंद ने बताया कि मेरा इंटरव्यू ठीक नहीं रहा। मुझे नहीं लगता की मेरा सिलेक्शन हो जाएगा। इंटरव्यू में जो सवाल पूछे गए उनका ठीक से जवाब नहीं दे पाया। उन्होंने हार्ड कोर सेल्स से जुड़े सवाल किए, जिसमें मेरा इंटरेस्ट नहीं होने के कारण उनका जवाब ठीक से नहीं दे पाया।

हर सवाल का दिया सही जवाब

कपिल कपूर ने बताया कि मेरा इंटरव्यू काफी अच्छा रहा जो भी सवाल पूछे गए उनका सही जवाब दिया। एकेडमिक से जुड़ा कोई सवाल नहीं पूछा गया। मैंने कुछ प्रेजेंटेशन बनाए थे, उनसे जुड़े सवाल भी पूछे गए। इससे लगता है कि मेरा सिलेक्शन हो जाएगा।